Title: Need to connect more areas of West Delhi with Metro-laid.

श्री महाबल मिश्रा (पश्चिम दिल्ली): मेरे संसदीय क्षेत्र पश्चिमी दिल्ली में आज भी मैट्रो सेवा से एक बड़ा हिस्सा वंचित है। सरकार ने बाकी बचे हुए एरिया को फेज 3 और फेज 4 में पूरा करना है। मेरी मांग है कि नजफगढ़, मटियाला, उत्तम नगर, विकासपुरी की काफी जनता को आज भी मैट्रो सेवा नहीं मिल रही है। नांगलोई से लेकर एन एच 8 तक, ककरोला से ढांसा बार्डर तक, मैट्रो लाइन बनने में विलम्ब हो रहा है। नजफगढ़ को आज देहात का कनाट प्लेस कहा जाता है। यहां देहात के लोग कनाट प्लेस व चांदनी चौक न जाकर यहीं पर ही अपनी दैनिक वस्तुं खरीदते हैं। यहां पर कई सरकारी विभाग जैसे झड़ोदा कलां सी आर पी सेंटर, बीएसएफ कैंप आदि है। यहां मैट्रो न होने के कारण यहां की जनता को काफी असुविधा हो रही है।

अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि नजफगढ़, मटियाला, उत्तम नगर, विकासपुरी क्षेत्रों को मैट्रो सेवा से जोड़ने के लिए अतिशीघ्र कदम उठाये जायें ताकि मेरे संसदीय क्षेत्र के निवासियों को मैट्रो की सुविधा मिल सके।